सेल्फ हेल्प किताबों से...

अपने पुराने फैसलों से सीख लें

द पॉवर ऑफ रिग्रेट

पछतावा सिखाता है कि आगे क्या बदलना है

पछतावे को हम अक्सर अपनी कमजोरी समझते हैं, लेकिन हर पछतावा हमें अपने बारे में कुछ सिखाता है। जो फैसला हमें आज गलत लगता है, उसके पीछे उस समय की जरूरतें, डर और परिस्थितियां थीं। पुराने फैसलों के लिए खुद को लगातार दोष देने के बजाय उनसे सीखें। पछतावा हमें बताता है कि आगे हमें क्या बदलना है।

* डैनियल एच. पिंक

द डिफाइनिंग डेकेड

अपनी जरूरतों को समझकर फैसले करें

हमारे छोटे-छोटे फैसले धीरे-धीरे हमारे भविष्य का आकार बनाते हैं। करियर, रिश्ते, आदतें और अपने बारे में हमारी सोच- इन सब पर किए गए चुनाव आगे चलकर बड़ा असर डालते हैं। यह सोचें कि आज आप जिस दिशा में एक छोटा कदम बढ़ा रहे हैं, वह आपको कहाँ ले जा सकता है। अपने फैसलों को अपनी जरूरत को समझकर लें।

* मेग जे

द स्कार्सिटी ऑफ टाइम

जिंदगी को उपलब्धियों की सूची न बनाएं

हम सोचते हैं कि हमारे पास समय कम है, जबकि असली समस्या यह होती है कि हमारा ध्यान बहुत जगह बंटा है। अपनी जिंदगी को केवल उपलब्धियों की सूची न बनाएं। यह भी देखें कि आपका समय उन चीजों में जा रहा है या नहीं, जिन्हें आप सच में महत्त्वपूर्ण मानते हैं। जब हम हर पल को जीना सीखते हैं, तो समय जिंदगी का हिस्सा लगता है।

* निकोलस लेमैन

द स्काउट माइंडसेट...

सही साबित होने से ज्यादा सही समझने पर ध्यान दें

हम अक्सर वही बातें आसानी से मानते हैं जो हमारी पहले से बनी सोच को सही साबित करती हैं। लेकिन सीखने के लिए जरूरी है हम खुद से यह पूछें- क्या मैं गलत हूँ? अपनी राय बदलना कमजोरी नहीं है। हर नई जानकारी को अपने पक्ष या विरोध में देखने के बजाय उसे समझने की कोशिश करें। जब हम सही साबित होने से ज्यादा सही समझने पर ध्यान देते हैं, तब फैसले भी ज्यादा साफ दिखाई देने लगते हैं और मन भी आवश्यक बहस से बचता है।

* जूलिया गैलेफ



हिसार-ज्योतिपुरा(हरियाणा)। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी के 19वें पुण्य स्मृति दिवस एवं विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य में विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान के अंतर्गत आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान उपस्थित रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.नर्सी राम बिश्नोई, रजिस्ट्रार डॉ. विजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. यशपाल सिंगला, हिसार उपक्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. रमेश दीदी तथा अन्य।



कोटा-कुन्हाड़ी(राज.)। मानवता के संरक्षण के समाजसेवियों के सम्मान समारोह में दीप प्रज्वलित करते हुए वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी अरुण भार्गव, यज्ञ दत्तहाड़ा, दिल्ली पश्चिम विहार सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सुषमा बहन, ब्र.कु. सरिता बहन, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. तर्मिला दीदी।



जालंधर-आर्दशनगर(पंजाब)। डिप्टी कमिश्नर वरजीत वालिया,आईएएस को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. संधीरा। साथ हैं ब्र.कु. शिखा, आईएमए प्रेसिडेंट धीरज भाटिया एवं ब्र.कु. डॉ. आरएल बस्सन,पूर्व चीफ मेडिकल ऑफिसर।



मुलाबपुरा-राज.। उपखंड स्तरीय समारोह में नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत नशे के प्रति जागरूक करते हुए ब्र.कु. कुमुद बहन। मंचासीन हैं एसडीएम दिव्यराज सिंह चुंडावत, तहसीलदार रविंद्र सिंह चौहान, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी तेजभान सिंह तथा अन्य।



सूरतगढ़-राज.। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण करते हुए भारत विकास परिषद के अध्यक्ष आसकरण सोनी, अमरनाथ लंगर सेवा समिति के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष किशनलाल स्वामी, ब्र.कु. सनी बहन, ब्र.कु. पुष्पा तथा अन्य।



अररिया-बिहार। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जन जागरूकता रैली में शामिल रहे रानीगंज पूर्व विधायक अच्यमित ऋषिदेव, नगर परिषद उपाध्यक्ष गौतम शाह, नगर परिषद अध्यक्ष के जयेष्ठ पुत्र,अध्यक्ष प्रतिनिधि,धीरज नयन मिश्र, पार्षद राज किशोर यादव, भारतीय जनता पार्टी की नेत्री सुष्मिता ठाकुर कनकलता झा, संवेदक आलोक चतुर्वेदी संजय गुप्ता, ब्र.कु. उर्मिला तथा अन्य भाई-बहनें।



ब्रह्मपुर-ओडिशा। प्रभु उपहार रिट्रीट सेन्टर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करने के पश्चात् समूह चित्र में राजयोगिनी ब्र.कु. माला दीदी, मोटिवेशनल स्पीकर ब्र.कु. शक्तिराज,माउंट आबू, टाटा स्टील के अधिकारी अशोक जी, लोहिया कंपनी के प्रमुख, ब्र.कु. रमेश पटनायक तथा अन्य।



लोखरा-गुवाहाटी(असम)। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत द ग्रीन स्कूल इंटरनेशनल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए मेडिकल विंग वक्ता ब्र.कु. राजीव। मौके पर उपस्थित रहे रूपनगर सेवाकेन्द्र से ब्र.कु. करोबी एवं ब्र.कु. मामुनि।



जमशेदपुर-झारखंड। 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत जनजागरण बस सेवा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, प्रो. परमजीत सिंह, कोल्हान निर्देशिका ब्र.कु. अंजू दीदी, ब्र.कु. संजू दीदी,कादमा, ब्र.कु. रागिनी दीदी,जुगसलाई तथा अन्य।



देहरादून-उत्तराखंड। दादी प्रकाशमणि जी के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में व 10 करोड़ नशामुक्त प्रतिज्ञा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. धनसिंह रावत, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. मंजू दीदी, ब्र.कु. मीना दीदी, पद्मश्री डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, संत सियाराम महाराज, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ. गोपाल नारसन, समाजसेवी अमरीश त्यागी एवं ब्र.कु. सुशील।



कोलकाता-म्यूजियम(पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल सरकार के माननीय वित्त मंत्री स्वपन दास गुप्ता से स्नेहभरी मुलाकात कर परमात्म संदेश देने के पश्चात् ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. अंजलि, ब्र.कु. चन्द्रा एवं ब्र.कु. सुप्रिया,माउंट आबू।



पाली-राज.। राजस्थान पत्रिका द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में ब्र.कु. बिन्नी बहन को समाज सेवा में किए उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'शख्सियत अवॉर्ड' से सम्मानित करते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत एवं पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन।



नई दिल्ली। रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित कार्यक्रम में अहिल्यानगर,महा. सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. उषा दीदी को ऊर्जा द्वारा गाँवों में की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'गोशाला प्रेस्टिज अवॉर्ड' से सम्मानित करते हुए अभिनेत्री अमीषा पटेल। साथ हैं डॉ. ब्र.कु.दीपक हरके।



रूपनगर-पंजाब। विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते हुए डीएफओ कमलदीप सिंह, महासचिव संदीप सिंह, रोटरी क्लब अध्यक्ष सुरेश शर्मा, ब्र.कु. अंजनी तथा अन्य ब्रह्माकुमारी बहन।